द्वितीय आवधिक परीक्षा(2019-20)

विषय हिंदी

कक्षा नवमीं

समय 1:30 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक 40

निर्देश:-

यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए |

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 　　2+2+2+1+1=8

सुबुध्द वक्ता जनसमूह का मन मोह लेता है, मित्रों के बीच सम्मान और प्रेम का केंद्र बिंदु बन जाता है || बोलने का विवेक, बोलने की कला और पटुता व्यक्ति की शोभा है, उसका आकर्षण है || जो लोग अपनी बात को राई का पहाड़ बनाकर उपस्थित करते हैं, वे एक ओर जहाँ सुनने वालों की धैर्य की परीक्षा लिया करते हैं, वहीं अपना और दूसरे का समय भी अकारण नष्ट किया करते हैं| विषय से हट कर बोलने वालों से अपनी बात को अकारण खींचते चले जाने वालों से तथा ऐसे मुहावरों और कहावतों का प्रयोग करने वालों से जो उस प्रसंग में ठीक ही न बैठ रहे हों, से लोग ऊब जाते हैं| वाणी का अनुशासन, वाणी का संयम और संतुलन तथा वाणी की मिठास ऐसी शक्ति है, जो हर कठिन स्थिति में हमारे अनुकूल ही रहती है| हाँ, बहुत कम बोलना या सदैव चुप लगाकर बैठे रहना भी बुरा है | यह हमारी प्रतिभा और तेज को कुंद कर देता है | अतएव कम बोलो, सार्थक और हितकर बोलो | यही वाणी का तप है ||

1. सम्मान और प्रेम का केंद्र –बिंदु कौन बन जाता है ? 　1

2. राई का पहाड़ बनाना –मुहावरे का अर्थ लिखिए - 　1

3. व्यक्ति की शोभा और आकर्षण किसे बताया गया? 　2

4. कैसे व्यक्तियों से लोग ऊब जाते है? 　2

5. वाणी का ताप किसे कहा गया है ? 　2

प्र. 2 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए 　1+1=2

(1) प्राचार्य शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग कीजिए।

(2) वैकल्पिक शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए।

(ख) (1) निम्नलिखित समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 　1+1=2

शिवालय

(2) निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। 　1

बिना संदेह के

(ग) अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए। 　1+1=2

(1) वाह! उसने सुंदर गीत गाया।

(2) यदि मुझसे मिल लेता तो उसका काम अवश्य हो जाता

Scanned by CamScanner

प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+1+1+1=4

जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे।बचपन के दिनों में उनकी एयरगन से घायल होकर गिरने वाली, नीलकंठ की वह गौरैया सारी जिंदगी उन्हें खोजों के नए-नए रास्तों की तरफ ले जाती रही। जिंदगी की ऊंचाइयों में उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं।वो लॉरेंस की तरह नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप बन गए थे।

1. सलीम अली किन के लिए पहेली थे और क्यों ?
2. किसने उन्हें पक्षियों की दुनिया की ओर मोड़ा और कैसे ?
3. सालिम अली की जिंदगी कैसी थी ?
4. इस गद्यांश में किस अन्य व्यक्ति के नाम का उल्लेख है ? वह कौन थे ?

प्र.4. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+2+2=6

1. हीरा तथा मोती गया के घर से क्यों भाग गए ? गया के घर से भागने पर उनका कैसा स्वागत हुआ और क्यों ?
2. 'साँवले सपनों की याद' शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।
3. मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अंग्रेजों से नष्ट करना चाहते थे क्यों ?
4. कांजी हौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी।
5. लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ?

प्र.5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+1+1+1=4

और सरसों की न पूछो -
हो गई सबसे सयानी,
हाथ पीले कर लिए हैं
ब्याह-मंडप में पधारी
फांग गाता मास फागुन
आ गया है आज जैसे।

1. कवि सरसों के बारे में क्या कहता है?
2. उपर्युक्त पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है?
3. "हाथ पीले कर लिए हैं" से क्या आशय है?
4. कविता तथा कवि का नाम लिखें।

Scanned by CamScanner

प्र.6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2 X 3=6

1. कच्चे सकोरे का क्या अर्थ है? कवयित्री ने अपने प्रयासों के लिए इसका प्रयोग क्यों किया है?
2. शासन की करनी भी काली के माध्यम से कवि ने किस करनी की ओर संकेत किया है? कैदी और कोकिला पाठ के आधार पर लिखिए।
3. अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए। अलसी के लिए 'हठीली' विशेषण का प्रयोग क्यों किया गया है?
4. मनुष्य ईश्वर को कहां-कहां ढूंढता फिरता है?
5. ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

प्र.7 मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर जीवन में कैसे इंसानों को श्रद्धा भाव से देखा जाता है। 2

अथवा

लेखिका की नानी की आज़ादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

प्र.8 आपके क्षेत्र में सफाई कर्मचारी ठीक तरह से काम नहीं कर रहे हैं अपने क्षेत्र में गंदगी एवं बीमारी फैलने की सूचना देते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने विद्यालय में होने वाले वार्षिकोत्सव में आपको अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए पुरस्कृत किया जाएगा आप चाहते हैं कि आपके पिताजी भी इसे देखें। पिताजी को बुलाने के लिए पत्र लिखिए।

****

Scanned by CamScanner